भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 493

जिसका उत्तर 06 फरवरी, 2025 को दिया जाना है।

.....

केरल में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत परियोजनाएं

493. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानीः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए मिशन (अमृत 2.0) योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत केरल में स्थानीय निकायों में क्रियान्वित की जाने वाली जलापूर्ति परियोजनाओं की संख्या कितनी है; और

(ख) इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी

(क) और (ख): अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 को दिनांक 01 अक्टूबर 2021 को 66,750 करोड़ रूपए की केंद्रीय सहायता के साथ उपर्युक्त परियोजनाओं के लिए लॉन्च किया गया था। इस योजना के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अमृत 2.0 दिशानिर्देशों के व्यापक फ्रेमवर्क के भीतर परियोजनाओं को डिजाइन, अनुमोदित, प्राथमिकता देने और उनका कार्यान्वयन करने के लिए अधिकृत किया गया है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, अमृत 2.0 के तहत राज्य जल कार्य योजनाओं (एसडब्ल्यूएपी) को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य उच्च अधिकार प्राप्त संचालन समिति (एसएचपीएससी) की सिफारिश के अनुसार अनुमोदित किया जाता है।

अमृत 2.0 के तहत, केरल राज्य में, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा कुल 740 परियोजनाओं को 3,743.43 करोड़ रूपए (ऑपरेशंस और मेंटेनेंस लागत सहित) को अनुमोदन दिया गया है, जिसमें 91 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में 2,413.66 करोड़ रूपए की 251 जल आपूर्ति परियोजनाएं शामिल हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय/केरल द्वारा सूचित की गई परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति (दिनांक 27.01.2025 की स्थिति अनुसार) इस प्रकार है:

क्र. सं.	परियोजनाओं की संख्या	राशि (करोड़ रूपए में)	चरण/स्थिति
1.	130	932.70	अवार्ड किया गया
2.	26	368.94	टेंडर
3.	79	640.76	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)

जलापूर्ति परियोजनाओं के लिए कुल 465.19 करोड़ रुपये के कार्य वास्तविक रूप से पूर्ण हो चुके हैं।

*****